ये खाटू का राजा मेरा हो गया

ऐ श्याम प्यारे हो सबके सहारे
तेरा अब ये सेवक तेरा हो गया
ऐ श्याम प्यारे हो सबके दुलारे
तेरा अब ये सेवक तेरा हो गया
जो कुछ भी मिला है इस दर से मिला है
ये खाटू का राजा मेरा हो गया
ऐ श्याम प्यारे...........

मेरे सांवरे सुन तुम्हे हम मनाते
हालात दिल के तुम्ही को सुनाते
मैं हूँ तेरा आशिक़ रे सदियों पुराना
तेरा दर ठिकाना मेरा हो गया
ऐ श्याम प्यारे...........

तमाशा जगत ने मेरा है बनाया
सुनाने को बिनती ये सेवक है आया
तेरे नाम से जो मेरा नाम जोड़ा
सदा मुस्कुराना मेरा हो गया
ऐ श्याम प्यारे..........

मुझे वर ये दे दो मैं गुण तेरे गाऊं
ज्योति तेरी दिल मैं सबके जगाऊँ
तेरा दर्श पाकर ही दुनिया से जाना
अब राखी ये सपना मेरा हो गया
ऐ श्याम प्यारे...........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14201/title/ye-khatu-ka-raja-mera-ho-geya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |